52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.3 °c | अधिकतम 17.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:41 | वर्ष : 52/ अंक : 13 | सोमवार, 13 जनवरी 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

गधों को सफलता मिलने का मतलब ये नहीं कि वो टैलेंटेड हैं, हो सकता है कोई घोड़ा रेस में दौड़ा न हो।

दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत के युवा ही चला रहे हैं, उनके हुनर की पूरी दुनिया मुरीद है : मोदी

परिवारवादी राजनीति के युवा क्यों फेल हो रहे हैं?.....

सुर्खियों में संजीव, थाने पहुंचे और पूछा मंदिर और धर्मशालाओं पर कब्जे का क्या लेते हो?

इंस्पेक्टर उमेश रोरिया पर भड़के और कहा कि किसी भी प्रकार की मनमर्जी नहीं चलने दूंगा, इंस्पेक्टर ने दिया कोर्ट के आदेश का हवाला

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। पूर्व मंत्री व मुजफ्फरनगर से सांसद रहे डॉ. संजीव बालियान आज फिर एक बार तीखे तेवर में दिखाई दिये। उन्होंने किसी अधीनस्थ को नहीं बल्कि खुद जाकर मंसूरपुर इंस्पेक्टर उमेश रोरिया की क्लास लगाई। दरअसल मंसूरपुर के खानूपुर गांव में मंसूरपुर डिस्टिलरी व ग्रामीणों के बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा है, क्योंकि खानूपुर गांव मंसूरपुर डिस्टिलरी से सटा हुआ गांव है, जहां श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व उसकी खाली पड़ी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि उस जमीन को मंदिर के लिए उनके ही पूर्वजों ने खरीदा था, जबकि डिस्टिलरी उक्त जमीन पर अपना दावा ठोक रही है। हाल ही में डिस्टिलरी ने विवाद होने के बावजूद जमीन पर दीवार बनाकर कब्जा कर लिया। रविवार को इसी बात पर तब बवाल खड़ा हो गया जब केन्द्रीय मंत्री रहे मुजफ्फरनगर सांसद संजीव बालियान खुद थाने पहुंच गए और इंस्पेक्टर को खरी-खोटी सुनाते हुए पूछा कि आखिर मंदिर और धर्मशालाओं पर कब्जे का कितना रुपया लेते हो। इस पर पुलिस ने कोर्ट के

आदेश का हवाला देते हुए अपना तर्क रखा। मगर संजीव बालियान का पुलिस के विरुद्ध बयान फिर मीडिया में सुर्खियां बन गया। हाल ही में पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने टाउन हॉल में हुई एक जनसभा के दौरान यह भी कहा था कि इसमें कोई दो राय नहीं कि भ्रष्टाचार चरम पर है और अधिकारी पूरी तरह से निरंकुश हो चुके हैं। थाने और तहसील जहां भी जाओ वहां जमकर भ्रष्टाचार मिलता है। आज रविवार को जब डिस्टिलरी द्वारा जमीन पर मंदिर कब्जे की बात पर पूर्व मंत्री संजीव बालियान इंस्पेक्टर से भिड़ गए तो उनका यह रौद्र रूप देखकर फिर एक बार हैरानी हुई। फिलहाल इंस्पेक्टर के समझाने-बुझाने और कोर्ट के आदेश का हवाला देने के बाद मामला शांत हुआ, मगर संजीव बालियान का यह बयान कि पुलिस मंदिर और धर्मशालाओं पर कब्जे का कितना रुपया लेती है, एक बार फिर चर्चा का विषय बना और संजीव बालियान अपनी ही सरकार के नुमाइंदों को घेरते हुए दिखाई दिये।

सीओ बोले मामला कोर्ट में विचाराधीन

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। पूर्व मंत्री संजीव बालियान का पुलिस पर आरोप लगाने के बाद मामले को शांत करने के लिए सीओ खतौली रामाशीष यादव ने मीडिया में अपना बयान देते हुए कहा कि उक्त मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। गांव वालों का दावा है कि उनके पूर्वज मंसूरपुर मिल डिस्टिलरी में काम करते थे और उनके पैसों से यहां मंदिर और धर्मशाला की जमीन ली गयी थी, मगर बड़ी बात यह है कि डिस्टिलरी के पास कोर्ट के आदेश हैं, जिनमें साफ लिखा है कि उनके कार्य में कोई हस्तक्षेप न किया जाये।

उसी बाबत कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पुलिस द्वारा विवादित जमीन पर दीवार खड़ी करवाई है। अपनी किसी प्रकार की पुलिस की कोई मनमर्जी अपने कार्य में नहीं की गयी है। यदि ग्रामीण कोर्ट के अपने पक्ष में कोई सुबूत दिखा दें तो वह उनके लिए भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने को तैयार है। सीओ का साफ कहना है कि ग्रामीणों के पास इस तरह के कोई आदेश नहीं हैं। सिर्फ वह मुंहजबानी दावे कर रहे हैं।

शाहपुर-बुढ़ाना मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी ने अस्पताल पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली

शाहपुर, 12 जनवरी (बु.)। शाहपुर-बुढ़ाना मार्ग पर उमरपुर चौकी के निकट पटाखा फैक्ट्री के पास देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई भीषण सड़क दुर्घटना में शाहपुर के दो नौजवान युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नगर के मौहल्ला कस्सावान में मरकज वाली मस्जिद के समीप के निवासी थे। इस घटना से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। देर रात तक शाहपुर के सरकारी अस्पताल एवं मृतकों के घरों पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी थी। घटना की सूचना पर दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी ने अस्पताल पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

शाहपुर निवासी आमिर पुत्र अखलाक 18 वर्ष से एवं सुहेल पुत्र शकील 18 वर्ष से देर शाम किसी कार्य से बुढ़ाना गए थे। उनके परिजन वेल्डिंग का कार्य करते हैं। रात्रि में लगभग 9:00 बजे दोनों मोटरसाइकिल से वापस शाहपुर लौट रहे थे। बुढ़ाना थाना क्षेत्र की उमरपुर चौकी के पास पटाखा फैक्ट्री के निकट अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उमरपुर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अज्ञात वाहन फरार हो चुका था। दोनों घायलों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों शवो को शाहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पुलिस ने पंचनामा भरा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों मृतको के घर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। वहीं सैकड़ों की संख्या में अस्पताल में भी कस्बेवासी पहुंचे। शाहपुर एवं बुढ़ाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। देर रात तक पुलिस पोस्टमार्टम की तैयारी में लगी थी। घटना को लेकर कस्बे में शोक का माहौल है तथा परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। परिजन पोस्टमार्टम से इन्कार कर रहे हैं। चेयरमैन अकरम कुरैशी ने एसपी देहात आदित्य बंसल से बात कर दोनों युवकों का पोस्टमार्टम न करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने मान लिया। समाचार लिखे जाने तक कागजी कार्यवाही के बाद दोनों मृतकों के शव अस्पताल से घर लाने की तैयारी चल रही थी। आमिर उर्फ समीर बाहर कपड़े का कार्य करता था, जबकि सुहेल शाहपुर में ही वेल्डिंग का कार्य करता था। आमिर उर्फ समीर कुछ दिन पहले ही घर आया था। दोनों युवक से शेख बिरादरी के हैं।

शहर की गलियों में तो क्या एक बुजुर्ग फरियादी पर कलेक्ट्रेट में कुत्तों का हमला

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर में लगातार नगर पालिका व अन्य अधिकारियों से आम जनता यह मांग करती दिख रही है कि पूरे शहर में सड़कों पर कुत्तों व छतों पर बंदरों की भरमार है। मगर इसकी कोई सुनवाई न तो कोई अधिकारी करता दिखाई पड़ता और न ही नगर पालिका इस गंभीर समस्या पर कोई कार्रवाई करती दिखाई दे रही है। रविवार को नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद पचैंडा निवासी संतरी कलेक्ट्रेट में अपनी फरियाद लेकर पहुंची। संतरी को नहीं पता था कि आज रविवार भी है। कलेक्ट्रेट में कुत्तों को उक्त गरीब महिला जब अकेली दिखाई पड़ी तो चारों ओर से कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया और 65 वर्षीया महिला संतरी को बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। जब वृद्धा को दो होमगार्डों ने कुत्तों के हमले से लहूलुहान हालत में देखा तो दौड़कर उक्त महिला की मदद करते हुए उसे उठाया और प्राथमिक उपचार के लिए अपने साथ ले गए।

जिलाधिकारी को मिली जानकारी तो बोले जल्द ही मिलेगी आवारा कुत्तों से निजात

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। कलेक्ट्रेट में आज 65 वर्षीय महिला के साथ कुत्तों के काटने की घटना जब जिलाधिकारी तक पहुंची तो उन्होंने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले तो गरीब महिला का उपचार कराने की पूरी जिम्मेदारी ली और कहा कि जल्द ही आवारा कुत्तों से कलेक्ट्रेट और शहर को निजात दिलाई जाएगी। अधिकारियों और नगर पालिका को इस बाबत हाथोंहाथ सूचित किया जायेगा।

शत्रु सम्पत्ति घोषित मस्जिद पर गेट लगने की सूचना पर दौड़ी एसडीएम

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। देर रात अधिकारियों को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मस्जिद पर गेट लगाया जा रहा है। सूचना पर एसडीएम निकिता शर्मा अपने अमले के साथ आनन-फानन में मस्जिद पर पहुंची तो वहां ऐसा कुछ नहीं मिला। एसडीएम के पहुंचने के बाद पत्रकार भी वहां पहुंचे, तो उनसे बयान लिया गया। एसडीएम ने पत्रकारों को बताया कि शत्रु सम्पत्ति मस्जिद पर किसी तरह का कोई निर्माण नहीं होता मिला है। इसकी सूचना मिलने पर वें मामले की गंभीरता को देखते हुए यहां आयी हैं। उनसे जब दो दिन बाद मकर संक्रान्ति के दिन हिन्दू संगठनों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ पढने की त कही गयी तो उन्होंने कहा कि उक्त मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में उच्चाधिकारी ही इस पर फैसला लेंगे। आपको बता दें कि लगभग एक माह पूर्व रेलवे स्टेशन के सामने स्थित दुकानों सहित उक्त मस्जिद को शत्रु सम्पत्ति घोषित किया गया था। मगर अभी भी प्रशासन की मंशा इस पर बुल्डोजर फिरवाने की नहीं लग रही है, जिसके चलते हिन्दू संगठनों में रोष है। इसी कारण हिन्दू संगठनों के आहवान पर मकर संक्रान्ति के दिन यहां हनुमान चालीसा पढ़ने की घोषणा की गयी है। अब देखना यह होगा कि रविवार की रात निर्माण की अफवाह फैलने के बाद प्रशासन इस गर्म मामले

में क्या निर्णय लेता है। प्रशासन हिन्दू संगठनों को यहां हनुमान चालीसा पढ़ने देगा भी या नहीं, इस पर भी पूरे प्रदेश की मीडिया की निगाहें टिकी हैं। कल यानी सोमवार को यह तस्वीर साफ होने की उम्मीद है कि यहां हिन्दू संगठनों को हनुमान चालीसा ना पढ़ने देने के लिए मनाया जायेगा या फिर हनुमान चालीसा पढ़ने पर कोई रोक प्रशासन नहीं लगा सकेगा।

महाकुंभ को लेकर यूपी के सभी जिलों में हाई अलर्ट

लखनऊ, 12 जनवरी (एजेंसी)। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने महाकुंभ संपन्न होने तक संवेदनशीलता अधिक होने की वजह से सभी जिलों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव डीजीपी प्रशांत कुमार के साथ रविवार को आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था तथा साफ-सफाई के बारे में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों, डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा व 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दृष्टिगत विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं, लिहाजा सुरक्षा व साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। यातायात एवं भीड़ नियंत्रण, सुव्यवस्थित पार्किंग, पीए सिस्टम आदि की समुचित व्यवस्था हो। पर्याप्त संख्या में चेजिंग रूम व अस्थाई शौचालय बनाएं। घाटों की बैरिकेडिंग और खतरनाक स्थानों पर मार्किंग कराएं। मेडिकल टीम तैनात रहे, अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा जाए। घाटों पर जल पुलिस और गोताखोर तैनात करें। इसी तरह 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा व 26 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंडावर प्रधान और भाजपा नेता समेत 9 गिरफ्तार

फायरिंग प्रकरण : दोनों पक्षों की ओर से 43 नामजद और 20 अज्ञात के विरुद्ध क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

कैराना, 12 जनवरी (बु.)। मंडावर गांव में गत दिवस हुए फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से 43 नामजद और 20 अज्ञात के विरुद्ध क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं, पुलिस ने वर्तमान ग्राम प्रधान और भाजपा नेता समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है।

शनिवार को गांव मंडावर में यमुना खादर में स्थित भूमि के विवाद और सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक व इंस्टाग्राम पर उत्तेजित—धमकी भरे स्टेटस को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। उनमें मारपीट, पत्थरबाजी और फायरिंग हुई थी। इस दौरान एक पक्ष के सद्दाम, उसका पिता उमरा व चाचा इरफान तथा दूसरे पक्ष के रिहान घायल हुए थे। इनमें सद्दाम, इरफान और रिहान को सीएचसी से हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें फायरिंग होती भी नजर आ रही थी। मामले में सद्दाम के भाई इमरान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि उसका भाई सद्दाम, पिता उमरा और चाचा इरफान मंडावर खनन से घर खाना खाने के लिए आ रहे थे। जब वह रिहान के घर के पास पहुंचे, तो वहां छिपे बैठे ग्राम प्रधान तनवीर, रिहान, कय्यूम पुत्र वाजिद, उस्मान पुत्र माजिद, उस्मान पुत्र इलियास, कय्यूम पुत्र माजिद, सादिक, फारूख, सुफियान, आवेश, सोनी, अहसान, इंतजार, भूरा, सरफराज, मुनफेद, मारूफ, दिलशाद निवासीगण गांव मंडावर और वसीम उर्फ तोतू निवासी गांव तितरवाड़ा तथा बिल्लू निवासी गांव मंसूरा थाना झिंझाना तथा 8-10 अज्ञात आरोपियों ने लाठी—डंडों, तमंचों और मस्कट से उसके भाई और पिता के ऊपर हमला कर दिया। गोली लगने से उसका पिता उमरा, भाई सद्दाम और चाचा इरफान घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष की तासमीन पुत्री वाजिद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उपचुनाव में अपनी हार और अगस्त 2024 में हुए झगड़े के कारण पूर्व प्रधान दिलशाद और उसके समर्थक रंजिश रखते थे। उसका भाई रिहान अपने साथियों के साथ अपने घेर में बैठा था। इस दौरान सद्दाम और उमरा और चाचा इरफान आए तथा गाली—गलौच करने लगे।

उसे समय कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दिया। इससे कुछ ही देर बाद पूर्व प्रधान दिलशाद, उमरदीन उर्फ उमरा, सद्दाम, इरफान, फारूख, उमर, फरमान, सुलेमान, इमरान, नासिर, दानिश, डाबला, मेहताब, तासिम, दिलशाद पुत्र फरजू, जुल्फकार, सादिक, राशिद, वाजिद, मुम्तियाज, खुर्शीद, राहिल, गुलजार और 8-10 अज्ञात आरोपियों ने लाठी—डंडे, तमंचे और मस्कट से हमला करते हुए फायरिंग की। मारपीट की गई, जिसमें उसका भाई रिहान घायल हो गया। रविवार को पुलिस ने घटना में गांव के ही दिलशाद, इमरान, नासिर, एक अन्य दिलशाद, वाजिद, मुम्तियाज, फारुख, तनवीर व सुफियान को गिरफ्तार किया है। आरोपी तनवीर वर्तमान में ग्राम प्रधान है, जबकि फारूख भाजपा नेता है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। उधर, पुलिस ने प्रकरण में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में पीएसी के साथ गांव में दबिश दी।

14 जनवरी को मकर संक्रांति का सार्वजनिक अवकाश घोषित

लखनऊ, 12 जनवरी (एजेंसी)। प्रदेश सरकार ने मकर संक्रांति 14 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश की सूची में यह निर्बंधित अवकाश था। सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव जुहैर बिन सगीर ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। पंडित प्रशांत द्विवेदी के अनुसार, मकर संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी को सुबह 6.58 बजे से शुरू होगा और 15 जनवरी को सुबह 6.58 बजे तक रहेगा। इस पुण्यकाल में दान पुण्य, स्नान आदि धार्मिक कार्य संपन्न किए जा सकेंगे।

महाकुंभ में शामिल होंगी स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन

स्वामी कैलाशनंद बोले, वह मेरी बेटी जैसी

प्रयागराज, 12 जनवरी (एजेंसी)। दुनिया की चकाचौंध में संगम की रेती की महिमा किस तरह फैलने जा रही है, इसकी बानगी महाकुंभ में दिखेगी। दरअसल, एपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी और दुनिया की सबसे धनी महिलाओं में शुमार लॉरेन पॉवेल भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में शामिल होंगी। इस बात की जानकारी आध्यात्मिक गुरु स्वामी कैलाशनंद जी महाराज ने दी है। स्वामी कैलाशनंद ने कहा कि 'लॉरेन अपने गुरु से मिलने आ रही हैं। वह मेरी बेटी जैसी है। शिष्या बेटी के समान होती है। हमने उनको अपना गोत्र भी दिया है और उनका नाम 'कमला' रखा है। यह दूसरी बार है, जब वह भारत आ रही हैं। महाकुंभ में सभी का स्वागत है। वह तीन से चार दिन रुकेंगी। वे महाकुंभ में आकर साधुओं से मिलेंगी और हमारे परंपराओं को समझने की कोशिश करेंगी।' उन्होंने यह भी कहा कि हम कोशिश करेंगे कि पॉवेल को अखाड़े की पेशवाई में शामिल किया जाए, लेकिन यह उनके ऊपर निर्भर करेगा। वे इस कुंभ का दौरा करेंगी और यहां संतों से मिलेंगी। उन्हें भी अच्छा लगेगा। हमें भी अच्छा लगेगा कि जो लोग हमारी परंपराओं के बारे में ज्यादा नहीं जानते, वे भी सीखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 'दुनिया में ज्यादातर लोग किसी न किसी गुरु के मार्गदर्शन में हैं। कुंभ में कई लोग आ रहे हैं, कुछ अपने निजी कार्यक्रम के लिए आ रहे हैं। यह एक धार्मिक मेला है, दुनियाभर और भारत से लोग आशीर्वाद लेने के लिए महाकुंभ आते हैं।' मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अरबपति कारोबारी लॉरेन यहां 17 दिनों तक रहेंगी और कल्पवास में साधुओं की संगत में सादगीपूर्ण जीवन गुजारेंगी। दिवंगत पति स्टीव की तरह ही लॉरेन भी हिंदू और बौद्ध धर्म से खास जुड़ाव रखती हैं।

पौड़ी में बस हादसा, 6 की मौत, 22 से अधिक घायल

पौड़ी, 12 जनवरी (एजेंसी)। पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक बस दुर्घटना हुई, जिसमें अब तक 6 लोगों की मौत और 22 से अधिक लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। दुर्घटना बस संख्या यूके-12-पीबी 0177 की है, जो अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह बस पौड़ी शहर से देहलचौरी की ओर जा रही थी। सत्याखाल के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। गिरते समय बस पेड़ से टकराई, जिससे वह और नीचे जाने से रुक गई। हालांकि, हादसे के कारण बस के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस में सवार यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की। घायलों को खाई से निकालने के लिए रस्सियों और अन्य उपकरणों का सहारा लिया गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया है। हादसे में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस का ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बस ड्राइवर और बस मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांग्रेस देगी युवाओं को हर महीने 8500 रुपये

नई दिल्ली 12 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस ने रविवार को युवा उड़ान योजना नाम से दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की और इस योजना के तहत सत्ता में आने पर यहां के बेरोजगार युवक-युवतियों को हर महीने 8500 रुपये देने का एलान किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, ''आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है, जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है, तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे, उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 05 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे, तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 12 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 जनवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1709- मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने अपने तीसरे भाई कमबख्श को हैदराबाद में हराया। 1818- उदयपुर के राणा ने मेवाड के संरक्षण के लिये ब्रिटेन से समझौता किया। 1889- असम के युवाओं ने अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी' का प्रकाशन शुरू किया। 1915- इटली के आवेजानो शहर में आये विनाशकारी भूकंप से 30 हजार लोगों की मौत। 1948- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया। 1963- सैन्य विद्रोह में टोगो गणराज्य के राष्ट्रपति स्यलवानुस ओलयम्पिओ की हत्या। 2004- ब्रिटेन के सबसे कुख्यात सीरियल किलर डाक्टर हेराल्ड शिपमैन को जेल में मृत पाया गया। 2005- ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गेट थैचर के बेटे मार्क थैचर को विक्टोरिअल गुएना में विद्रोह भड़काने के आरोप में दोषी पाया गया। 2010- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संकट के कारण जर्मनी की अर्थव्यवस्था में साल 2009 के दौरान 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है। 2012- इटली के समुद्र तट पर एक यात्री जहाज कोस्टा कॉनकार्डिया डूब गया, 4232 यात्री और चालक दल में से 15 लोगों की मौत हो गयी और कुछ लोग अभी भी लापता हैं।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	79950	चांदी-	92000
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59785

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 13 जनवरी, 2024

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन।

वृषभ-आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

मिथुन- आज रात्रि 11/56 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।

कर्क- आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।

सिंह- विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आपसी सौहार्द, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।

कन्या- स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक।

तुला- आज रात्रि 11/56 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में व्यतिक्रम, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आर्थिक उन्नति, शांति।

वृश्चिक- आर्ज रात्रि 11/56 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

धनु- कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति।

मकर- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

कुम्भ- आज रात्रि 11/56 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क।

मीन- आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता, अकल्पित लाभ, समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

कबड्डी खिलाड़ी अवन्तिका का मोरना में जोरदार स्वागत

50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में गोल्ड मैडल जीतकर लौटने पर मना जश्न

भोपा, 12 जनवरी (बु.)। हरिद्वार उत्तराखण्ड में आयोजित 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में गोल्ड मैडल जीतकर लौटी मोरना निवासी अवन्तिका चौधरी के मोरना पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों व ग्रामवासियों ने फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उपस्थित ग्रामवासियों ने खिलाड़ी को देकर उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

मोरना निवासी पंकज कुमार की 19 वर्षीय पुत्री अवन्तिका चौधरी ने नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल जीतकर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अवन्तिका चौधरी ने कक्षा 12 तक की पढ़ाई महर्षि शुकदेव इण्टर कॉलेज मोरना में प्राप्त की है। फिलहाल वह श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर में बीपीईएस तृतीय वर्ष में अध्ययनरत है। अवन्तिका चौधरी साई सोनीपत में कबड्डी की कोचिंग ले रही है। अवन्तिका चौधरी के कोच सतेन्द्र नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 से 11 जनवरी 2025 तक उत्तराखण्ड हरिद्वार में उत्तराखण्ड कबड्डी एसोसिएशन द्वारा 50वीं जूनियर कबड्डी नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें साई की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में महाराष्ट्र व रोमांचक फाइनल में हरियाणा को 43-45 से हराकर फाइनल मैच जीकर गोल्ड मैडल जीता, जिसमें ऑल राउंडर अवन्तिका चौधरी का विशेष योगदान रहा है। अवन्तिका चौधरी बेहतरीन रेडर व डिफेंडर है। वह एक अनुशासित, मेहनती व तकनीकी रूप से सक्षम कबड्डी खिलाड़ी है। अवन्तिका चौधरी ने 15 दिन पहले गुजरात में ट्रायल दी थी, जिसके बाद उसका चयन साई टीम के लिए किया गया था। अवन्तिका चौधरी की इस उपलब्धि पर उसकी टीम कैप्टन साक्षी ने बधाई दी है। बधाई देनेवालों में मोरना प्रधान सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी, डॉ. अमित ठाकरान, पंकज महेश्वरी, हरिगोपाल महेश्वरी, सुन्दर गुर्जर, रजनीश यादव, उपेन्द्र चौधरी, पप्पन, इस्तखार, मनोज पालीवाल, शाहिद अंसारी, अरविन्द, संजु चौधरी, विजय शर्मा, सुन्दर शर्मा, शबनम, सौरभ शर्मा, सोनू, नीरज आदि ने शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया।

स्ट्रीट लाइटें लगवाकर जगमग कर दी सफीपुर पट्टी की अंधेरी गली

समाजसेवी इनाम प्रधान की हो रही है तारीफ

बुढ़ाना, 12 जनवरी (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव सफीपुर पट्टी चंधेड़ी रोड की एक गली रविवार की देर शाम जगमग कर दी गयी। दरअसल इस गली में स्ट्रीट लाइट नहीं थी। काफी सालों से इस गली के लोग अंधेरे में ही जीवन यापन कर रहे थे। समय समय पर गली के बाहर अंधेरा होने के कारण अज्ञात चोर भी अपना कमाल दिखा जाते थे। इस गली के निवासी समीर और सादिक ने इसकी सूचना समाजसेवी इनाम प्रधान को दी तो उन्होंने यहां के ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए रविवार की देर सायं पूरी गली में तीन स्ट्रीट लाइटें लगवाकर पूरी गली को जगमग कर दिया। इस कार्य के पूरा होने से मोहल्लेवासियों ने इनाम प्रधान का धन्यवाद किया है और कहा कि वे सफीपुर से आगामी समय में होने वाले चुनाव के दौरान प्रधानी का चुनाव लड़ें, क्योंकि वे ही हमारी समस्याओं का निस्तारण कर सकते हैं। इस गली में लाइटों को लगवाने की गुहार वे सभी गलीवासी मौजूदा ग्राम प्रधान से समय-समय पर लगा चुके, लेकिन आज तक भी उन्होंने इस समस्या की तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते गली के लोगों को रात में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। जब इस बारे में आज ही इनाम प्रधान को कहा गया, तो उन्होंने घंटों मे ही गली में स्ट्रीट लाइटें लगवाकर उनका दिल जीत लिया।

ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में जाएंगे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली, 12 जनवरी (वार्ता)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका की ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री आने वाले अमेरिकी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी मुलाकात करेंगे।

बरेली के पर्यटकों की कार खाई में गिरी, एक की मौत

नैनीताल, 12 जनवरी (वार्ता)। बरेली उप्र से नैनीताल घूमने आए रहे पर्यटकों की कार शनिवार देर रात को गहरी खाई में गिरने से एक पर्यटक की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनीताल की ज्योलिकोट पुलिस को देर रात सूचना मिली की नैनीताल से लगभग 15-16 किमी पहले नैना गांव के पास एक पर्यटक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही तल्लीताल और ज्योलिकोट पुलिस मौके पर पहुंची। इनके अलावा गरमपानी क्षेत्र से राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) की टीम को भी मौके पर भेजा गया। सुबह तीन बजे तक चले तीन घंटे के बचाव अभियान के बाद चारों घायलों को बाहर निकाला गया और आपातकालीन सेवा 108 के माध्यम से नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। जिसमें से गंभीर घायल मौजूम खान निवासी बरेली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नागा संन्यासियों, साधु संतों और श्रद्धालुओं पर होगी पुष्प वर्षा

महाकुंभनगर,12 जनवरी (वार्ता)। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेले में पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति स्नान पर नागा संन्यासियों एवं अन्य साधु संतों सहित श्रद्धालुओं पर पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति स्नान पर पुष्प वर्षा किए जाने की योजना है। महाकुंभ का पहला स्नान पर्व सोमवार 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा और बुधवार 14 जनवरी मकर संक्रांति (अमृत स्नान) पर्व है। इस बार दोनो पर्व आगे पीछे पड़े हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ-2025 को यादगार बनाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। श्रद्धालुओं के लिए यह महाकुंभ एक शानदार अनुभव हो, इसके लिए स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा सभी चीजों का खास ध्यान रखा जा रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता को आयाम देने के लिए श्रद्धालुओं पर हर बार की तरह इस बार भी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किए जाने की योजना पर भी काम हो रहा है।

'महाकुंभ': विधायक साव का वाहन दुर्घटनाग्रस्त,चार घायल

रायपुर 12 जनवरी (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के भाटापारा से कांग्रेस विधायक इंद्र कुमार साव परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज 'महाकुंभ' स्नान के लिए जा थे कि रास्ते में उनकी कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें विधायक समेत चार लोग घायल हो गये। इस हादसे में विधायक के हाथ पर चोटें आई है। पत्नी और रिश्तेदार महिला का हाथ फ्रैक्चर हुआ है। वहीं पीएसओ के सिर पर गंभीर चोटें है। घायलों का उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक हादसा सोनभद्र जिले के बभनी थाना इलाके में हुआ है। रविवार सुबह 8.45 बजे अम्बिकापुर रेणुकूट मुख्य मार्ग पर नधिरा मोड़ के पास उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

आतिशी ने अपने चुनाव के लिए लोगों से लगाई चंदे की गुहार

नई दिल्ली 12 जनवरी (वार्ता)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए लोगों से चंदे की गुहार लगाई। सुश्री आतिशी ने आज संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि वह कालकाजी से विधानसभा चुनाव लड़ रही है और इसमें चालीस लाख खर्च करने है। उन्होंने लोगों से चंदे की गुहार लगाते हुए कहा कि गलत तरीके से चुनाव लड़ना आसान है। दिल्ली का 77000 करोड़ बजट है। अगर हम गलत तरीके से पैसे इकट्ठा करना चाहे तो 40 लाख रुपये इकट्ठा करने में एक दिन भी नहीं लगेगा लेकिन आप लोगों के ही डोनेशन से मैं कालकाजी में विधानसभा चुनाव लड़ूंगी। उन्होंने कहा कि जब से आम आदमी पार्टी बनी है, तब से दिल्ली के आम लोगों ने हमारी पार्टी को समर्थन किया और चंदे दिए।

पी.आर.पब्लिक स्कूल में मनी विवेकानंद जयंती

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बुस.)। पचेंड़ा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में आज स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस (राष्ट्रीय युवा दिवस) मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित की गई विशेष प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, निदेशक अनघ सिंघल, प्रधानाचार्या मानसी सिंघल और विद्यालय में उपस्थित बायोलॉजी प्रैक्टिकल परीक्षक रूबी सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर खेल शिक्षक शंकर शर्मा ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से जुड़े अनेक रोचक तथ्यों से अवगत कराया। प्रधानाचार्या मानसी सिंघल ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सारी शक्ति आपके भीतर ही है। आप सब कुछ कर सकते हैं। स्कूल निदेशक अनघ सिंघल ने इस अवसर पर इस वर्ष की राष्ट्रीय युवा दिवस थीम"युवा एक स्थायी भविष्य के लिए: लचीलेपन और जिम्मेदारी के साथ राष्ट्र को आकार देना" पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से कहा- आप समाज और राष्ट्र के भविष्य निर्माता है। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें सौम्या, कनक, गौरव, सत्यम, उर्वशी, गीता, आयुषी, खुशी, मानवी, वैष्णवी, एंजेल, वर्तिका, अनुष्का आदि का नाम शामिल है। आज के इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, शिखा ठाकुर, शंकर शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा है।

भाज्जू में हुई दंड बैठक प्रतियोगिता में दिखा समुर पहलवान का जलवा, पहलवानी में भविष्य व जुनैद ने भी दिखाया दम

बुढ़ाना, 12 जनवरी (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव शाहडब्बर के तीन किशोर पहलवानों का रविवार के दिन हुई किसान मजदूर दंड बैठक प्रतियोगिता में अच्छा खासा जलवा देखने को मिला, जिसमें 4800 दंड बैठक लगाकर शाहडब्बर के किशोर पहलवान समुर, 38 सौ बैठक लगाकर किशोर पहलवान भविष्य और 31 सौ दंड बैठक लगाकर किशोर पहलवान जुनैद अहमद ने बाजी मारी और प्रतियोगिता जीतकर गांव शाहडब्बर का नाम बुढ़ाना क्षेत्र में रोशन किया। इस तरह की यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की गयी। ये प्रतियोगिता गांव भाज्जू में हुई। प्रतियोगिता जीतने वाले पहलवानों पर रुपयों की बरसात की गयी। इसमें कुछ नियम भी बनाए गये थे। जैसे कि एक बार जमीन पर हाथ रखकर जितने दण्ड लगेंगे, वे ही मान्य होंगे। खिलाड़ी गिनती के लिए एक आदमी स्वयं लेकर आये। कमेटी का निर्णय सर्वमान्य होगा। एन्ट्री फीस 100 रुपए रखी गयी थी, जो प्रात नौ बजे से शुरू की गयी। आधार कार्ड देखकर ही प्रतिभागियों को एंट्री दी गयी। भारतीय किसान यूनियन के ग्राम भाज्जू के अध्यक्ष नरेश पाल द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन विधायक प्रसन्न चौधरी, वीर सिंह मलिक और बोबी प्रधान द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से किया गया। यहां रवित राठी, जितेन्द्र पहलवान, संजू पहलवान, सोनू पहलवान, उदयवीर पहलवान, शिवकुमार, शीशपाल, रमेश, सुरेश, सुभाष, श्रीपाल, रविन्द्र, विरेन्द्र वर्मा, सत्यपाल, हरेन्द्र, विक्की, अमरीश, संजीव, रामिन्द्र व विनीत आदि पहलवान थे।

एलपीजी टैंकर और पिकअप की भिड़ंत, हाईवे पर 10 किमी लंबा जाम

कल्याणपुर, 12 जनवरी (एजेंसी)। सचेंडी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 7 बजे एलपीजी टैंकर और पिकअप के टकरा जाने से टैंकर के साइड में लगे वाल्व टूट गए, जिससे गैस का रिसाव होने लगा। मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल से दो किलोमीटर पहले यातायात रुकवा दिया। मौके पर फायर ब्रिगेड सीयूजीएल व गेल की टीमें पहुंची और 3 घंटे की कड़ी मशक्कत से गैस रिसाव बंद कर टैंकर को किनारे करवाया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पानी का छिड़काव करती रहीं। सचेंडी थाना क्षेत्र में ओरियंट रिसार्ट के सामने रविवार सुबह 7 बजे कानपुर की ओर से जा रही पिकअप संख्या यूपी 75 सीटी 4329 अचानक अनियंत्रित हो गई और बाईं ओर चल रहे अज्ञात वाहन में टक्कर मारते हुए दाहिनी ओर चल रहे एलपीजी टैंकर संख्या यूपी-78 सीटी 0995 में किनारे से टकरा गई, जिससे टैंकर में लगे हुए तीन वाल्व क्षतिग्रस्त हो गए व गैस का रिसाव होने लगा। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आसपास अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने-अपने वाहन छोड़कर भागने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से 2 किलोमीटर पहले यातायात रुकवा दिया। पनकी व फजलगंज से मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने 200 मीटर दूर खड़े होकर पाइप के सहारे पानी का छिड़काव किया। बाद में कानपुर से सियूजीएल व गेल के वरिष्ठ अधिकारियों व तकनीकी टीम ने पहुंचकर टैंकर से हो रहा रिसाव बंद कराया। इस दौरान दोनों ओर हाईवे पर लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोगों ने पैदल ही सफर तय किया। क्रेन की मदद से 4 घंटे बाद टैंकर को उठाकर किनारे किया गया। इसके बाद जाम खुल सका। सचेंडी थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि गैस का रिसाव बंद कराकर किनारे करवा दिया है। यातायात सामान्य हो रहा है।

स्वामी विवेकानंद ने विश्व में सनातन संस्कृति को प्रतिष्ठित किया : योगी

गोरखपुर, 12 जनवरी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस कालखंड में जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था,उन्होंने वैश्विक पटल पर सनातन वैदिक संस्कृति को प्रभावी ढंग से प्रतिष्ठित किया। योगी ने रविवार को गोरखपुर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस नगर कॉलोनी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस युवा सन्यासी ने अपने विचारों और आचरण की साम्यता से राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत करनेके बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में सनातन वैदिक मूल्यों की चर्चा दुरूह होने के बावजूद स्वामी विवेकानंद ने गर्व से कहो हम हिंदू हैं, का उद्घोष किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के रज्जू भैया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को नमन किया।

प्रधानमंत्री ने दी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली,12 जनवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की और कहा कि वह युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। श्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि स्वामी विवेकानन्द को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, वह युवा मन में जुनून और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं।

पंजाबी समाज खतौली ने उल्लास पूर्वक मनाया लोहड़ी का पर्व, युवाओं ने किया खूब भांगड़ा

खतौली, 12 जनवरी (बु.)। पंजाबी समाज खतौली के तत्वावधान में लोहडी पर्व श्रद्धा व उल्लास पूर्वक माहौल में मनाते हुए युवा वर्ग ने जमकर भंगड़ा व नृत्य कर अपनी खुशियों का इजहार किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के एक विवाह मण्डप में खतौली पंजाबी समाज द्वारा आयोजित लोहड़ी के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम मं दिल्ली से पधारे विख्यात कलाकारों द्वारा लोहडी के सुनदर गीत, मुन्दरिये सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर कलाकारों के गीतों पर युवा जमकर भांगड़ा व नृत्य करते नजर आये। कार्यक्रम में पंजाबी समाज के अनेक युवा कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभाओं का भव्य प्रदर्शन जब किया गया तो नागरिकों द्वारा उनका करतल ध्वनि से उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर पंजाबी समाज अध्यक्ष मोनू मंगवानी ने बताया कि लोहड़ी का पर्व हर्ष उल्लास व रिश्तों में मिठास का पर्व है, जो हमें एकता के सूत्र में बंधने का संदेश देते हुए सेवा कार्यों में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से समाज सुधार कार्यों में भागीदारी बनाने का आह्वान करते हुए समाज को संगठित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोहड़ी को अग्नि देकर मूंगफली व रेवडी के प्रसाद का वितरण किया गया तथा भांगड़ा डालकर ढोलों की थाप पर जमकर भांगड़ा व नृत्य किया गया। राजीव ग्रोवर के सफल संचालन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पंजाबी समाज अध्यक्ष मोनू मंगवानी, महामंत्री रामजी गगनेजा, कोषाध्यक्ष अजय अरोडा, मदन छाबड़ा, गौरी शंकर गौरी, रवि ग्रोवर, नरेश गुम्बर, पूर्व सभासद गुरूदत्त अरोडा, रमेश तनेजा, हनी अरोडा, सुरेश साहनी, मनी टोरंटो, चंचल भूटानी आदि भारी संख्या में पंजाबी समाज के स्त्री व पुरुष मौजूद रहे।

नेशनल हाईवे पर दो हादसे : कार से टकराई नीलगाय, ट्रक डिवाइडर से टकराया

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। रविवार को नेशनल हाईवे पर दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में लोग बाल-बाल बच गये। एनएच-58 पर पहला हादसा छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहे पर हुआ, जहां एक नीलगाय अचानक एक कार के सामने आ गयी। नीलगाय के सामने आते ही कार चालक महिला को अचानक जोरदार ब्रेक लगाने पड़े, फिर भी नीलगाय कार की खिड़कियों से बुरी तरह टकरा गयी। संतुलन बिगड़ने से महिला घायल हो गयी। उक्त महिला अपनी कार से दिल्ली से हरिद्वार जा रही थी। महिला का नाम सोनी पालीवाल बताया गया। महिला प्राथमिक उपचार के लिए हरिद्वार ना जाकर वापस दिल्ली लौट गयी। वही दूसरा हादसा मंसूरपुर थाना क्षेत्र के संधावली के पास हुआ, जिसमें एक डीसीएम खुद ही डिवाइडर से जा भिड़ा, जिस कारण हाइवे पर जाम लग गया। दुर्घटना में डीसीएम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे बाद में क्रेन की मदद से हाइवे से हटवाया गया। दुर्घटना में ड्राइवर को मामूली चोट आयी है।

भाजपा के नये मंडल अध्यक्ष का पूर्व विधायक उमेश ने किया स्वागत

बुढ़ाना, 12 जनवरी (बु.)। भारतीय जनता पार्टी बुढ़ाना मंडल के नव निर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर मोनू सिंह कुरथल सहित आसपास के समस्त मंडलों के नये अध्यक्षों का विगत् दिवस ब्लॉक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव डुंगर में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक और उनकी टीम ने अपने आवास पर फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक ने अपने आवास पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भाजपा के सभी मंडल अध्यक्षों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में लग्नशील और रुचि से कार्य करें। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मोनू कुरथल, सिसौली मंडल अध्यक्ष सहदेव सिंह, फुगाना मंडल अध्यक्ष तेलूराम कश्यप, ओमेंद्र, यशपाल बालियान पूर्व मंडल अध्यक्ष, राम नरेश कुमार, कपिल ठाकुर, सचिन गुर्जर और तेजेंद्र पाल सहित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मेलन में किया बुजुर्गों, खिलाड़ी, पूर्व शिक्षकों, चिकित्सकों, प्रधानों को सम्मानित

भोपा, 12 जनवरी (बु.)। किसान इंटर कालेज ककरौली में जनपद जाट महासभा के द्वारा सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों, पूर्व शिक्षकों, उन्नतिशील किसानों, समाज सेवा को समर्पित पशुपालकों, चिकित्सकों, ग्राम प्रधानों आदि को प्रतीक चिह्न देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ में संस्कृति और अपने समाज को संजोकर रखने व बच्चों को संस्कारवान बनाने पर बल दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. नरेश मलिक ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में युवाओं ने सभ्यता और संस्कृति को छोड़ दिया है। समाज की बेटियां विदेशों में भी नाम बढ़ा रही हैं। हमें चाहिए संस्कृति और अपने समाज को संजोकर रखें। बच्चों में अच्छा नागरिक बनने की भावना पैदा करें। शादियों में जल्द सम्बंध-विच्छेद होना समाज पर कलंक है। बरेली से पधारे डॉ. अनिल चौधरी ने कहा कि दिन-रात कठिन मेहनत के बल पर पूर्वजों के त्याग और परोपकार की भावनाओं से शिक्षण संस्थाएं खड़ी की गई। यह भी हमारी

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कल दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया गया। विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक तरफ प्रधानमन्त्री मोदी भारत मंडपम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को विकसित भारत के लिए सम्बोधित कर रहे थे, दूसरी तरफ कांग्रेस, दिल्ली के शिक्षित युवाओं के लिए 8500 रुपये महीना की चुनावी गारंटी की घोषणा कर रही थी। लखनऊ में अखिलेश यादव ने भी प्रेस कांफ्रेस की। भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एक प्रेरक मंच के रूप में कार्य करता है, जो एक विकसित भारत को आकार देने के लिए हमारे युवाओं की ऊर्जा और नवीन भावना को एकजुट करता है। पीएम ने कहा स्वामी विवेकानंद को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। वह कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नयी पीढ़ी में है। स्वामी जी कहते थे कि मेरे कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आएंगे और वो हर समस्या का समाधान निकालेंगे। जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है। भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से आज ये भारत मंडपम भी ऊर्जा से भर गया है, ऊर्जावान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रणाम कर रहा है। 1930 के दशक में अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था, तब अमेरिका की जनता ने ठाना कि हमें इससे बाहर निकलना है और तेज गति से आगे बढ़ना है। उन्होंने उसका रास्ता चुना और अमेरिका न सिर्फ उस संकट से निकला, बल्कि उसने विकास की रफ्तार को कई गुना तेज करके दिखाया। पीएम ने ये भी कहा कि विकसित भारत में हम क्या देखना चाहते हैं, कैसा भारत देखना चाहते हैं? विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां इकोनॉमी भी बुलंद होगी और इकोलॉजी भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा-से-ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा स्किल्ड मैन पावर होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। भारत मंडपम, जो दिल्ली के प्रतिष्ठित प्रदर्शनी केंद्र के रूप में जाना जाता है, कल युवा शक्ति के उत्साह का केंद्र बना रहा। वहाँ प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए विशेष तैयारियाँ की गई थीं। युवा कार्यकर्ता और समर्थक भारत मंडपम के आसपास तैयारियों में जुटे थे और उनका लक्ष्य प्रधानमन्त्री के संबोधन को एक ऐतिहासिक अवसर में बदलना रहा। भारत मंडपम के अंदर और बाहर रंग-बिरंगे बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिनमें प्रधानमन्त्री मोदी के कार्यों और योजनाओं का प्रचार किया गया था। आयोजन स्थल पर युवा स्वयंसेवकों की एक बड़ी संख्या तैनात थी, जो कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यक्तियों की मदद कर रही थी और सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए थी। यह आयोजन केवल एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रमोशन भी रहा। प्रधानमन्त्री मोदी ने हमेशा युवाओं को नौकरी, शिक्षा, तकनीकी कौशल, और रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कई योजनाएं शुरू की हैं। भारत मंडपम में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम एक संवाद सत्र की तरह रहा। दूसरी तरफ कल राष्ट्रीय युवा दिवस पर कांग्रेस ने दिल्ली में शिक्षित बेरोजगारों के लिए अप्रेंटिसशिप का वादा किया। कांग्रेस, दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने पर शिक्षित बेरोजगारों को 8,500 रुपये महीना देगी। दिल्ली चुनाव के लिए युवा उड़ान योजना पर बोलते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि पूरे देश में युवा परेशान हैं। दिल्ली में भी युवाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने युवाओं पर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ हम गारंटी पेश कर रहे हैं, क्योंकि जनता जानती है कि हम जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि दिल्ली का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं, फिर उन समस्याओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद अब गारंटी पेश कर रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए नेतागण तरह-तरह के वादे करते हैं। कांग्रेस ने भी युवाओं को 8500 की गारंटी दी, लेकिन लोग उसे चुनावी झुनझुना बता रहे हैं। दूसरी तरफ अखिलेश यादव भी अपने विचित्र वक्तव्यों और पोस्ट के कारण सुर्खियों में रहते हैं। अब उन्होंने मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर बयान दिया है। पिछले उप चुनाव में उनकी बुरी तरह हार हुई थी, नौ सीटों में उन्हें सात पर हार मिली थी। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश गंभीर नजर आ रहे हैं। कमाल यह है कि अखिलेश यादव ने भी कल विवेकानंद की बात की। लखनऊ में अखिलेश यादव ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 'धर्म से ज्यादा रोटी की जरूरत है। गरीब को धार्मिक बात समझाना गलत होगा'। अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव पर सरकार को घेरा। कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में गन पॉइंट पर गड़बड़ की गई, तो मैं अपने कार्यकर्ताओं से कहूंगा, उस समय जो फैसला ले सकते हैं लें। बीजेपी ने अपने विभागों के लूटने वाले मंत्रियों को वहां ड्यूटी पर लगाया है। सपा मुखिया ने कहा कि इस बात को अपने मन में रखें, इंडिया गठबंधन मजबूत है और मजबूत रहेगा, जिस राज्य में भाजपा के खिलाफ जो क्षेत्रीय दल मजबूत है, उसका साथ दिया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने महाकुंभ में गंगा स्नान को लेकर कहा कि वह गंगा स्नान के लिए जाते रहे हैं। इसकी फोटो भी मैं शेयर कर सकता हूं, जो बीजेपी नेता आरोप लगा रहे हैं, वह अपनी फोटो भी शेयर करें। कुछ पुण्य के लिए गंगा स्नान करते हैं, कुछ दान और कुछ पाप धोने जाते हैं। बीजेपी वाले पाप धोने के लिए जाएंगे, और हम पुण्य के लिए।

चार मोती

सुनील उत्सव

'चाइनिज' 'माँझा' 'मौत' 'सामान'

हादसों को देखकर लगता यही है आजकल,
चाइनिज माँझा नहीं है मौत का सामान है।
बेचने वाला भी समझे, जो खरीदे जान ले,
चाइनिज माँझा नहीं है मौत का सामान है।

एनजीओ के बूते पालिका के शौचालयों का होगा अब संचालन

- बिना खर्च कम्पनी बाग समेत 26 शौचालय किए जायेंगे एनजीओ के सुपुर्द
- ईओ ने भेजा चेयरपर्सन को प्रस्ताव, सदन में मंजूरी की तैयारी

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। नगर क्षेत्र में बाजारों के साथ सार्वजनिक पार्क एवं स्थानों पर लोगों को जनसुविधा उपलब्ध कराने को निर्मित शौचालयों की दयनीय हालत में सुधार की खातिर पालिका प्रशासन ने नया प्रयोग करने की कवायद शुरू की है। ऐसे में शौचालयों की तस्वीर को संवारने व बेहतर सुविधा देने के लिए नई पहल की है। शहरी क्षेत्र में पालिका अपने सभी शौचालयों की देखरेख व संचालन एनजीओ को सौंपने जा रही है। इसके लिए ईओ के प्रस्ताव को चेयरपर्सन ने अपनी अनुमति प्रदान कर दी है। अब सदन में प्रस्ताव को रख कार्य में सुधार किए जाने की कवायद तेज होगी। नगरपालिका परिषद् नगरीय क्षेत्र में लोगों को जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 26 स्थानों पर सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराते हुए उनका संचालन अपने स्तर से कर रही है। इनमें अधिकांश शौचालय गंदगी व असुविधा से लबालब हैं। यहां तक की कम्पनी बाग में आने वाले मॅर्निंग वॉकर्स व अन्य लोगों के लिए तीन शौचालयों का निर्माण कराने के बाद भी सभी शौचालय बदहाल अवस्था में हैं। इसके अलावा शिवचौक, भगत सिंह रोड, झांसी की रानी समेत अन्य स्थानों पर बनाए शौचालयों का सही रखरखाव नहीं होने के कारण ये फजीहतों का कारक बने हैं और गन्दगी यहां पर लोगों की परेशानी का सबब बन चुकी है। पालिका प्रशासन ने इनकी देखरेख और रखरखाव के लिए कई बार प्रयास करते हुए कर्मियों को भी लगाया, लेकिन कर्मियों की लापरवाही से यह शौचालय अव्यवस्था की भेंट चढ़े हुए हैं। नगरीय क्षेत्र में पालिका की हो रही फजीहत के बीच में अब इन शौचालयों की दशा सुधारने के लिए नगरपालिका परिषद् की ओर से नई पहल शुरू की गई है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नगरीय क्षेत्र के कम्पनी बाग के तीनों शौचालयों समेत सभी 26 सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर रखरखाव के लिए इन्हें गैर सरकारी संगठन एनजीओ को सौंपने की कवायद की है। इसके लिए स्वच्छ समाज फाउंडेशन लखनऊ एनजीओ के प्रस्ताव को ईओ ने आगे बढ़ाया है। एनजीओ ने इन शौचालयों का संचालन बिना लेनदेन करने की इच्छा जाहिर करते हुए अपना प्रस्ताव दिया है। एनजीओ सभी शौचालयों पर अपने कर्मचारी तैनात करने के साथ देखरेख तथा रखरखाव की जिम्मेदारी के लिए तैयार है। एनजीओ नियमानुसार इसके लिए यूजर चार्ज तय करेगी, जो भी यूजर चार्ज प्राप्त होगा वो सारी धनराशि एनजीओ को रखने का भी अधिकार होगा, ताकि उससे एनजीओ अपने कर्मियों का वेतन व दूसरे वित्तीय जरुरत पूर्ण कर सके।

इन्होंने कुछ यूं कहा...

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में संचालित सभी शौचालयों के लिए एनजीओ का प्रस्ताव चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भेजा है। उनके द्वारा इसको स्वीकार करते हुए बोर्ड बैठक में रखने के लिए आदेशित किया है। इसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से नगरीय क्षेत्र में सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की लिस्ट मांगी गयी है, ताकि सभी को सूचीबद्ध करते हुए एनजीओ को दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि अभी पालिका अपने कर्मचारी लगाकर इनकी देखरेख करा रही है, एनजीओ को यदि कार्य दिया जाता है तो बिना खर्च के इन शौचालयों का बेहतर संचालन हो सकेगा।

आचार्य कुल ने किया स्वामी विवेकानंद जी को नमन

- दीप प्रज्ज्वलन के साथ किए पुष्प अर्पित, बताई उपलब्धियां

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को आचार्य कुल के प्रांतीय अध्यक्ष होती लाल शर्मा के नेतृत्व में सदर बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया। इस दौरान मूर्ति परिसर में मोमबत्तियां जलाई और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में सदर बाजार टाउन हाल रोड पर आचार्य कुल समेत विभिन्न संगठनों ने पहुंच स्वामी विवेकानंद को याद किया गया। आचार्य कुल के प्रांतीय अध्यक्ष होती लाल शर्मा ने देश के युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए उन्हें स्वामी विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलने लिए भी प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद के 11 सितंबर 1893 के शिकागो धर्म सम्मेलन की चर्चा कर उन्हें युगपुरुष कहा गया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी न केवल भारतीय युवाओं के लिए बल्कि विदेशियों के लिए भी आदर्श बन गए थे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने युवाओं को उठो, जागो एवं तब तक न रूको जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती का संदेश दिया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीपी सुधा, रविन्द्र वर्मा, सुनीता वर्मा, संजीव वर्मा, आचार्य सीता राम, सुभाष चंद्र सैनी एड, महबूब आलम, विनोद शर्मा, मिथिलेश बंसल, चित्रा गुप्ता, रश्मि कौशिक आदि मौजूद रहे।

इमरजेंसी की स्पेशल स्क्रीन में बोले नितिन गडकरी- इमरजेंसी नहीं होती, तो राजनीति में नहीं आता

नागपुर, 12 जनवरी (एजेंसी)। नागपुर के सिनेपोलिस में आज कंगना रानौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित किया गया। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर और फिल्म की मुख्य अभिनेत्री व निर्माता कंगना रानौत मौजूद रहे। फिल्म 'इमरजेंसी' भारत के आपातकाल के दौर को पर्दे पर लेकर आई है। इस विशेष स्क्रीनिंग के लिए उस दौर में संघर्ष कर जेल गए. स्क्रीनिंग के लिए कार्यकर्ताओं को भी इनवाइट किया गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा,"यह फिल्म मैं पहली बार देख रहा हूं। इमरजेंसी का समय मैंने खुद अनुभव किया है। अगर इमरजेंसी नहीं होती, तो मैं राजनीति में नहीं आता। इस फिल्म के जरिए कंगना जी ने सही इतिहास को सामने लाने का काम किया है। इमरजेंसी के दौरान लोगों ने असहनीय यातनाएं सही। मेरे दादा की मृत्यु के समय मुझे जेल से पेरोल लेने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। ये फिल्म हमारे अस्मिता का सवाल है, सिर्फ मनोरंजन नहीं.' नितिन गडकरी ने आगे कहा कि 'कंगना जी ने जिस तरह से इस इतिहास को दिखाया है, इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं." कंगना रानौत ने बताया कि "यह हमारी फिल्म की पहली स्क्रीनिंग है। नितिन गडकरी जी मेरे परिवार जैसे हैं, जब भी मैंने उनसे मदद मांगी, उन्होंने मेरा साथ दिया। 'इमरजेंसी' के लिए मुझे छह महीने तक संघर्ष करना पड़ा। हर डायलॉग की सेंसर बोर्ड ने स्क्रूटनी की, लेकिन आज ये फिल्म आप सबके सामने आ रही है। इमरजेंसी फिल्म में कंगना रनौत पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का रोल निभा रही हैं। साथ ही वह इस फिल्म की डायरेक्टर भी हैं। फिल्म में अनुपम खेल जय प्रकाश नारायण, श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, महिमा चौधरी पुपुल जयकर, मिलिंद सोमण सैम मानेकशॉ, विशाख नायर संजय गांधी के रोल में होंगे। सतीश कौशिक फिल्म में बाबू जगजीवन राम का रोल निभा रहे हैं और ये उनकी आखिरी फिल्म होगी। इमरजेंसी 17 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही है।

नाबालिग के साथ रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चरथावल, 12 जनवरी (बु.)। थानाक्षेत्र के ग्राम पावटी खुर्द मोड़ के पास से पुलिस ने चैकिंग के दौरान नाबालिक किशोरी के साथ तमंचे के बल पर रेप करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक परविंदर सिंह ने हेड कांस्टेबल सोनू सिरोही, अजीत अजीत सिंह आदि ने थानाक्षेत्र के ग्राम पावटी खुर्द मोड़ से चैकिंग के दौरान नाबालिग किशोरी से रेप करने वाले आरोपी शाहबेज पुत्र मुस्तफा निवासी पावटी खुर्द थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकदमा वादीया नसीमा पत्नी नय्यूम नि. ग्राम पावटी खुर्द थाना चरथावल मु.नगर ने अपनी पुत्री के साथ अभियुक्त शाहबेज के द्वारा जबरदस्ती बलात्कार करने के सम्बन्ध में प्रार्थना-पत्र दिया था, जिसके आधार पर थाना हाजा पर धारा 64(2)/351(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम अभियुक्त शाहबेज पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम पावटी खुर्द थाना चरथावल मु.नगर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त शाहबेज फरार चल रहा था। विवेचक उ.नि. परवेन्द्र सिंह ने फोर्स के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शाहबेज उपरोक्त को पावटी मोड़ बस स्टेण्ड से को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

तिरुपति, काशी को पीछे छोड़ अयोध्या बनी देश की सबसे बड़ी टूरिज्म सिटी

- एक साल में 3.50 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे राम मंदिर

नई दिल्ली, 12 जनवरी (एजेंसी)। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में जो बदलाव आया है, वह रामराज्य का ही उदाहरण है। मंदिर निर्माण के पश्चात अयोध्या भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग 3.50 करोड़ भक्तों ने रामलला के दर्शन किए। देश की सबसे बड़ी टूरिज्म सिटी बनी अयोध्या। पूरे एक साल हो गया है रामलला को तंबू से अपने जन्म स्थान में विराजे। बीते एक साल में रामलला की नगरी में विकास की गतिविधियों और पर्यटक व श्रद्धालुओं की आवक में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। विकास के कारण मिली सुविधाओं, जमीनों के दाम बढ़ने और छोटे-बड़े कारोबार में इजाफे से अयोध्यावासियों की खुशी छिपाए नहीं छिपतीं। तिरुपति बालाजी मंदिर को 2024 में सबसे ज्यादा दान मिला। 1365 करोड़ रुपये नकद दान किए गए। 1013 किलो सोना चढ़ाया गया। दूसरे नंबर पर मां वैष्णो देवी मंदिर रहा। यहां पिछले एक साल में करीब 500 करोड़ रुपये दान किए गए। यहां श्रद्धालुओं ने करीब 250 करोड़ रुपये नकद और सोना-चांदी दान किया। चौथे नंबर पर उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर रहा। यहां एक साल में 165 करोड़ रुपये दान किए गए। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में जो बदलाव आया है, वह रामराज्य का ही उदाहरण है। मंदिर निर्माण के पश्चात अयोध्या भारत का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र बन गया है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग 3.50 करोड़ भक्तों ने रामलला के दर्शन किए। अयोध्या का विकास रामपथ भक्ति पथ, राम की पैड़ी, और मंदिर मॉडल पर आधारित रेलवे स्टेशन से और भी गौरवान्वित हुआ है। शहर में रामपुर हरवारा के सरायरासी गांव में स्थापित सोलर पावर प्लांट से 20 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रारंभ हो गया है, जिससे शहर के प्रमुख मार्ग सौर ऊर्जा से संचालित एलईडी लाइटों से जगमगा रहे हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या के रियल एस्टेट बाजार में भी आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, जहां संपत्ति की कीमतों में 10 गुना तक की बढ़ोतरी हुई है। निवेशकों की रुचि और विकास परियोजनाओं के कारण यह क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। पिछले छह महीनों में करीब 11 करोड़ पर्यटक अयोध्या आ चुके हैं। इससे होटल और अन्य व्यवसायों को अच्छा मुनाफा हुआ है। धार्मिक टूरिज्म के लिहाज से अयोध्या देश की सबसे बड़ी टूरिज्म सिटी बन गई। आज अयोध्या की पहचान नए आयामों को छू रही है। रामपथ, भक्ति पथ, राम की पैड़ी और मंदिर की भव्यता को दर्शाता है। राम की नगरी की आध्यात्मिक विरासत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। आधुनिकता का स्पर्श भी इस पावन भूमि को मिला है, 20 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र शहर के मुख्य मार्गों को एलईडी लाइटों से जगमगाया गया है। यह विकास आध्यात्मिक परंपराओं और आधुनिक तकनीक की सुंदरता देखते ही बनती है।

संभल में बन रही भगवान श्री राम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा

संभल, 12 जनवरी (एजेंसी)। मिनी वृंदावन के नाम से मशहूर संभल जिले का चंदौसी इलाका एक बार फिर सुर्खियों में है। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद अब चंदौसी में भगवान राम की 51 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। करीब डेढ़ साल से निमार्णाधीन भगवान श्री राम की प्रतिमा लगभग बनकर तैयार है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामबाग धाम ट्रस्ट को पत्र भेज शुभकामनाएं दी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सीएम योगी इस प्रतिमा का अनावरण करने संभल आ सकते हैं। बता दें कि पौराणिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से संभल का इतिहास सतयुग काल से जोड़ा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान श्री कल्कि यहां अवतार लेंगे। संभल में 68 तीर्थ और 19 कूप हैं, जबकि तमाम ऐतिहासिक धरोहरें हैं। हालांकि जिला प्रशासन अब अब इन सभी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने पर काम कर रहा है। वहीं संभल की चंदौसी को मिनी वृंदावन के नाम से भी जाना जाता है। संभल के साथ ही चंदौसी भी धार्मिक नगरी के नाम से विख्यात है। महाराष्ट्र के बाद संभल के चंदौसी में बड़े पैमाने पर गणेश शोभायात्रा निकाली जाती है। इसी कड़ी में चंदौसी के नाम एक और अध्याय जुड़ने जा रहा है। यहां भगवान श्री राम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण हो रहा है। दावा है कि उत्तर प्रदेश में कहीं भी इससे ऊंची भगवान श्री राम की प्रतिमा नहीं है। चंदौसी के रामबाग धाम ट्रस्ट द्वारा इस विशाल प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। भगवान श्री राम की यह प्रतिमा भव्य एवं अलौकिक है, क्योंकि इसमें जहां भगवान श्री राम एक हाथ में धनुष लेकर खड़े हैं तो वही दूसरा हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। यही नहीं, विशाल प्रतिमा के समीप ही अशोक वाटिका का भी निर्माण किया जा रहा है। उधर, चंदौसी में भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा के निर्माण की जानकारी होने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामबाग धाम ट्रस्ट को एक पत्र भेजा है। पत्र में दोनों ने भगवान श्री राम की प्रतिमा के निर्माण के लिए शुभकामना संदेश भेजा है। बहरहाल, अब प्रतिमा लगभग बनकर तैयार है। रामबाग धाम ट्रस्ट से जुड़े अमित कुमार ने बताया कि भगवान श्री राम की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा, जो लगभग 51 फीट ऊंची है, उसका भव्य निर्माण किया जा रहा है। यह प्रतिमा 31 मई 2023 से निरंतर बन रही है। प्रतिमा लगभग बनकर तैयार है। इस पर पेंटिंग शुरू हो गई है। उन्होंने दावा किया कि बहुत शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। फिलहाल धाम का सौंदर्यीकरण चल रहा है। जैसे ही यहां का कार्य पूरा हो जाएगा, मुख्यमंत्री यहां आएंगे।

मां शाकुम्बरी देवी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बुस.)। मां शाकुम्बरी देवी सेवा समिति ट्रस्ट रजि. द्वारा मां शाकुम्बरी जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जन्मोत्सव का जागरण सतीश हंसराज एंड पार्टी और शाकुम्बरी जागरण मंडल की ओर से किया जा रहा है। आज जन्मोत्सव का शुभारम्भ विधि विधान से पूजा पाठ के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मुकेश कुमार धीमान, अंगेश कुमार धीमान, शिवम जांगिड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में मंत्री कपिल देव अग्रवाल व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप मौजूद रही।

अब हिंदू शक्ति संगठन 14 को शत्रु संपत्ति पर करेगा हनुमान चालीसा

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन की संपन्न बैठक में रेलवे स्टेशन के सामने की संपत्ति खसरा नंबर 930 को गृह मंत्रालय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक द्वारा पूर्व में शत्रु संपत्ति घोषित करने पर भी प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में न लेने का कड़ा विरोध किया गया। वहीं घोषित कार्यक्रम 14 जनवरी को शत्रु संपत्ति के सामने हनुमान चालीसा कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में अन्य हिंदू संगठनों, विशेष रूप से शिवसेना द्वारा समर्थन देने पर आभार व्यक्त किया गया। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सरिता अरोड़ा ने कहा कि रेलवे स्टेशन के सामने मस्जिदनुमा ढांचे खसरा नंबर 930 को शत्रु संपत्ति घोषित करने को संगठन द्वारा पूर्व में अनेक बार जिला प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि शत्रु संपत्ति को जिला प्रशासन अपने कब्जे में ले, लेकिन पता नहीं क्यों प्रशासन इस संपत्ति को अपने कब्जे में लेने में असमर्थ हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को कुंभकरण की नींद से जगाने के लिए आने वाले 14 जनवरी को इस शत्रु संपत्ति के सामने राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन नगर की हिंदू जनता को साथ में लेकर हनुमान चालीसा का पाठ करेगा। उन्होंने हिंदू वीरों एवं नगर की हिंदू जनता से आह्वान किया कि 14 जनवरी को रेलवे स्टेशन के पास शत्रु संपत्ति के सामने दोपहर 2 बजे हनुमान चालीसा के पाठ में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि आगामी 14 जनवरी को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू जनता को साथ लेकर हनुमान चालीसा का पाठ शत्रु संपत्ति के सामने किया जाएगा। इस दौरान संजय अरोड़ा, राजकुमार गर्ग, सोनू महेश्वरी, राजकुमार गर्ग, संजीव शर्मा, संजय गोस्वामी, संजय ठाकुर, सीमा ठाकुर, संजीव मलिक, श्याम वर्मा, अरुण वर्मा, सुंदर सैनी, सचिन वर्मा, प्रदीप कुमार, सोनू धीमान, अंकित पाल, राजू पाल आदि मौजूद थे।

मणिपुर में बड़ी संख्या में हथियार बरामद

इंफाल, 12 जनवरी (एजेंसी)। मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने सात फायर आर्म्स और विस्फोटक सामग्री बरामद किए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना को लेकर कहा कि चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत ओल्ड गेलमोल गांव में एक तलाशी अभियान के दौरान, एक एके -56 राइफल और एक चीनी मूल के हथगोले सहित सात फायर आर्म्स बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सात फायर आर्म्स और विस्फोटक सामग्री बरामद की है, पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी है। सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल में मोरेह पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत गोवाजंग क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चलाया।

श्रद्धांजलि सभा व रस्म तेरहवीं

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयंत्यापो न शोषयति मारूतः।।

मान्यवर,
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्रीमती बीना कच्छल पत्नी श्री सतेन्द्र प्रकाश कच्छल (PNB वाले)
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके 06 जनवरी 2025 को प्रभु के श्री चरणों में विलीन हो गई हैं।
जिनकी रस्म तेरहवीं दिनांक 16 जनवरी 2025, दिन- बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।
बृहस्पतिवार, दिनांक 16 जनवरी 2025
हवन 10:00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज 12:00 बजे दोपहर
रस्म तेरहवीं 2:00 बजे अपराह्न
स्थानः दर्पण बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
शोकाकुल परिवार
सतेन्द्र प्रकाश कच्छल (पति)
राज- बिजेन्द्र प्रकाश कच्छल (जेठानी-जेठ)
अंशु-राकेश कुमार कच्छल (देवरानी-देवर)
प्रेरणा-प्रदीप कुमार कच्छल (देवरानी-देवर)
दीप्ती-आशीष कच्छल (पुत्रवधु-पुत्र)
नेहा- अभिषेक कच्छल (पुत्रवधु-पुत्र)
राजीव कच्छल, संजीव कच्छल (भतीजे)
सचिन कच्छल, रजत कच्छल (भतीजे)
पराग कच्छल, अमन कच्छल (भतीजे)
अगम कच्छल (भतीजा)
प्रणव कच्छल, शुभ कच्छल (पौत्र)
ईना कच्छल (भतीजी), गौरी कच्छल (पौत्री)
एवं समस्त कच्छल परिवार
प्रतिष्ठानः-
G.P.S कनेक्शन प्राईवेट लिमिटेड
अभिषेक टेलीकॉम- दुकान नं. 5, नियर श्या

बीजापुर मुठभेड़ के दौरान 3 नक्सली ढेर

बीजापुर 12 जनवरी (वार्ता) छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों के होने के बारे में पता चला था। सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल टीम को सर्च ऑपरेशन के लिए भेजा गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान आज सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों की बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें तीन वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। सुरक्षाबल का कहना है कि नक्सलियों की पहचान की जा रही है. सुरक्षाबलों की टीम ने नक्सलियों के पास से बीजीएल,तीर बम,देशी ग्रेनेड, कुकर और टिफिन बम बनाने का सामान जब्त कर लिया है।

पौष पूर्णिमा से पहले ही लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

महाकुंभनगर, 12 जनवरी (वार्ता) भारतीय सांस्कृतिक एकता और गौरव के प्रतीक के रूप में पवित्र धार्मिक और आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज में पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था इतनी प्रबल रही कि महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा से एक दिन पहले रविवार को संगम तट पर आस्था का जनसैलाब दिखाई पड़ा। आज राष्ट्रीय युवा दिवस (नेशनल यूथ डे) है। यह दिन भारत के महान दार्शनिक, आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य उनके विचारों, मूल्यों और आदर्शों को बढ़ावा देना है और उनके विचारों को देश के हर युवा तक पहुंचाना है जिससे वे देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकें।

जौनपुरः चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी

जौनपुर, 12 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सिटी स्टेशन पर रविवार की सुबह चाइनीज मांझे से एक युवक की गर्दन काट गयी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रविवार की सुबह 18 वर्षीय हर्ष मौर्या की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई। सैदनपुर गांव का रहने वाला हर्ष बाइक से पुरानी सब्जी मंडी जा रहा था, जब वह सिटी स्टेशन के पास ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने लहूलुहान हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

योगी ने बागपत के अमन को सर्वोच्च युवा पुरस्कार से किया सम्मानित

बागपत 12 जनवरी (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बागपत के होनहार युवा अमन कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च युवा पुरस्कार स्वामी विवेकानन्द यूथ अवार्ड से सम्मानित किया। अमन कुमार के कार्यों व उपलब्धियों के दम पर पहली बार बागपत जिले ने अंतिम सूची में स्थान बनाया और यह जिले के इतिहास में प्रथम राज्य युवा पुरस्कार के रूप में दर्ज हुआ। राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में यह पुरस्कार जीवनकाल में एक बार प्रदान किया जाता है। युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन, लखनऊ में स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों से अमन कुमार को विवेकानंद के विचारों का सजीव दीपस्तंभ मानते हुए स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा, प्रमाण पत्र, शॉल और 50 हजार राशि का चेक प्रदान किया गया।

कौशाम्बी में दो भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत

कौशांबी, 12 जनवरी (एजेंसी)। जिले में शनिवार-रविवार की रात लगभग 3 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें दो भाजपा कार्यकताओं की जान चली गई। यह हादसा घने कोहरे के कारण कोखराज थाना क्षेत्र के रोही बाईपास पर हुआ, जब कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में मनीष मौर्य और धीरज कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय मौर्या गंभीर रूप से घायल हुए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मृतक मनीष मौर्य, कौशांबी युवा मोर्चा के जिला मंत्री थे, जो अपने दो साथियों धीरज कुशवाहा और संजय मौर्या के साथ बनारस दर्शन के लिए गए थे। वाराणसी से लौटते समय यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे चालक को सड़क पर खड़ा पेड़ दिखधीरज कुशवाहा की पत्नी और दो साल के बेटे युवान के लिए यह सदमा बहुत गहरा है। मनीष मौर्य के परिवार में भी इस घटना से भारी दुख पहुंचा है, क्योंकि वह भाजपा के जिला मंत्री और युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनके निधन से भाजपा कार्यकताओं और उनके समर्थकों में भी शोक की लहर है।

पुलिस ने कराई मुनादी, चीनी मांझा बेचने वालों की ड्रोन से निगरानी

मेरठ, 12 जनवरी (एजेंसी)। चीन के मांझे को लेकर अमर उजाला में लगातार चल रहे अभियान के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। रविवार को पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में मुनादी कराई, जिसमें आम जनता से भी अपील की गई कि यदि आसपास कोई दुकानदार चीनी मांझा बेचता है तो उसकी पुलिस से शिकायत करें। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी शुरू कर दी गई है। दरअसल, चीनी मांझे को लेकर पुलिस अलर्ट हुई। थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चीन का मांझा बेचने वालों की धरपकड़ शुरू कर दी है। देहात कोतवाली पुलिस समेत अन्य क्षेत्रों में भी मुनादी कराई गई। कहा कि अगर कोई व्यक्ति चीनी मांझा बेचता पकड़ा गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। चीन का मांझा प्रतिबंधित है। इसलिए चीनी मांझा बेचने वालों को पकड़वाओ। सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। इसके अलावा थाना मंडी पुलिस ने अपने क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी कराई। उधर, एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि चीन के मांझे को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

यूपी सरकार में जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने जेल का निरीक्षण किया

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर पहुंचे यूपी सरकार में जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने जेल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में मीडिया से बात की, जिसमें दारा सिंह चौहान पत्रकारों के सवाल के जवाब घुमा-फिराकर चट कर गए। क्योंकि जब मंत्री जी से उन्होंने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर संजीव बालियान के उन्हीं की सरकार के प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर लगातार खड़े कर रहे सवाल का जवाब मांगा, तो मंत्री दारा सिंह चौहान ने इस सवाल से कन्नी काटते हुए जानकारी में नहीं होना बताया और इसका जवाब बाद में देने की बात कही। वहीं वफ्फ बोर्ड का सवाल हों या फिर कुंभनगरी में मुस्लिमों की एंट्री या नो एंटी पर का सवाल-जवाब, उसको लेकर भी मंत्री दारा सिंह चौहान चुप्पी साध गए और योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते नजर आएं। आपको बता दें कि, जेल मंत्री दारा सिंह चौहान ने पहले सहारनपुर जेल का निरीक्षण किया, जिसके बाद वो मुजफ्फरनगर जेल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने जेल में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जेल की हॉस्पिटल, स्वच्छता, महिलाओं को लेकर व्यवस्था, साफ-सफाई और सरकार द्वारा लगातार उठाए जा रहे सरकार द्वारा सुधार को लेकर पहल की तारीफ की। इस दौरान मंत्री दारा चौहान ने यूपी सरकार द्वारा चलाई जा रही प्री-मेच्योर रिलीज पहल को लेकर मुजफ्फरनगर जेल से जल्द अच्छे आचरण वाले कैदियों की रिहाई की ओर इशारा भी किया।

इन व्यवस्थाओं को अपडेट करने की जरूरत : दारा सिंह चौहान

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। वैसे तो कारागार की व्यवस्थाओं को लेकर जेल मंत्री दारा सिंह चौहान संतुष्ट नजर आए, लेकिन फिर भी उन्होंने जेल में डिजिटल लाइब्रेरी और ओपन जिम को लेकर जरूरत महसूस की और जल्द ही इस ओर कार्य को आगे बढ़ाने की योजना को अमलीजामा पहनाने के प्रयास की बात कही।

जेल में बंद आर्थिक दंड के कैदियों की मदद से रिहाई

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया कि, यूपी की जेलों में बंद आर्थिक दंड लगने से सजा काट रहे कैदियों के आर्थिक संकट की वजह से रिहाई नहीं होने पर उन्हें सरकार द्वारा एनजीओ के सहयोग से उनकी दंड की राशि को जमा कर उनकी रिहाई कराने के प्रयासों के लिए करने का काम भी योगी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने पटका पहनाकर किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने भी जेल पहुंचकर कारागार मंत्री से मुलाकात कर उन्हें भगवा पटका पहनाकर उनका स्वागत किया इस दौरान मंत्री दारा सिंह ने उनके द्वारा निकाली गई भव्य श्री राम यात्रा की बधाई देने के साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

प्री - मेच्योर रिलीज योजना में जल्द होगी कैदियों की रिहाई

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा प्री - मेच्योर योजना के तहत जिन कैदियों की उम्र अधिक हो चुकी है ओर वो सजा भुगत रहे है उनके अच्छे आचरण और कार्यशैली को देखते हुए उनको इस योजना का लाभ मिलेगा और उनको आगामी 26 जनवरी के दिन जेल की कैद से रिहाई मिलेगी। जिसका पूरे प्रदेश की जेलों पर बढ़ रहे कैदियों के अतिरिक्त भार में भी कमी देखने को मिलेगी।

कन्नौज हादसे में ठेकेदार व इंजीनियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फरुर्खाबाद, 12 जनवरी (एजेंसी)। अमृत भारत योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन पर बन रहे भवन पर लिंटर डालते समय शनिवार को हादसा हो गया था। इसके बाद रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) ने ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ लापरवाही बरतने, जान जोखिम में डालने और रेलवे एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। जीआरपी की जांच में कई अन्य नाम भी सामने आने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, जिम्मेदार घटना के बाद से फरार हैं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) विपुल माथुर की तहरीर पर जीआरपी थाने में बलिया के सुभाषनगर की मेसर्स आशुतोष इंटरप्राइजेज के मालिक रामविलास राय, उनके इंजीनियर सूरज प्रकाश राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें कहा गया कि कन्नौज स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर भवन निर्माण चल रहा है। ठेकेदार और इंजीनियर की ओर से स्लैब की कास्टिंग का काम किया जा रहा था। तीनों स्थानों पर कास्टिंग करने के लिए एक लिफ्ट मशीन और बढ़ाकर दोनों ओर से सुबह नौ बजे काम शुरू किया गया था। दोपहर ढाई बजे के करीब अचानक स्लैब और बीम की शटरिंग गिर गई। इसमें ठेकेदार के 24 श्रमिक घायल हो गए। इन्हें मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नामजदों ने रेलवे कार्य में लापरवाही बरतकर बाधा उत्पन्न की है। इससे श्रमिकों को चोटें आईं और रेलवे की छवि धूमिल हुई। थानाध्यक्ष संदीप तोमर ने बताया कि जांच शुरू की गई है। फिलहाल इस जांच में जिम्मेदार अन्य लोगों को भी शामिल किया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए जा रहे हैं।

वनडे इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भारत ने जीती सीरीज

नई दिल्ली, 12 जनवरी (एजेंसी)। जेमिमा रोड्रिग्स के शतक और स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल की फिफ्टी के चलते भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड महिला टीम को 116 रन से रौंदा। इसके साथ ही भारतीय टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 370 रन बनाए। यह महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में भारत का हाइएस्ट स्कोर है। जवाब में आयरलैंड टीम 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 254 रन ही बना पाई। सीरीज का आखिरी वनडे 15 जनवरी को खेला जाएगा। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने भारत को धांसू शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े। 19वें ओवर में कप्तान मंधाना कैच आउट हुईं। उन्होंने 54 गेंदों पर 73 रन ठोके। अगली ही गेंद पर रावल LBW आउट हुईं।

ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर, दो घायल

बुढ़ाना, 12 जनवरी (बु.)। एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार दो युवक घायल हो गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाकर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेड़ी में आज रविवार की अल सुबह बारिश के चलते एक ट्रक स्लिप होकर विपरित दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ गया, जिसमें दोनों वाहनों का अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गये। ट्रैक्टर पर बैठे दो युवक घायल हो गये। घटना के दौरान ट्रक चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। ट्रक चालक मुरादाबाद का बताया गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाकर दोनों वाहन सड़क के किनारे लगाए। इस दौरान आते जाते वाहनों की वजह से जाम लग गया था। एक घायल गांव शाहजुड्डी निवासी बिल्लू नाम का व्यक्ति बताया गया है। बाद में पता लगा कि दोनों वाहन चालकों का आपस में फैसला हो गया। इस मामले में पुलिस को कोई भी तहरीर नहीं मिली है। इस बारे में उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव ने बताया कि घटना हुई जिसमें दोनों पक्षों के फैसला करने की बात का पता लगा है। अगर कोई तहरीर आई तो कार्यवाही होगी।

केजरीवाल ने दिया अमित शाह और बीजेपी को खुला चैलेंज, झुग्गी हटा के दिखाओ ढाल बन जाऊंगा

नई दिल्ली, 12 जनवरी (एजेंसी)। अरविंद केजरीवाल ने आज दिल्ली की एक झुग्गी-बस्ती से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केजरीवाल के निशाने पर गृह मंत्री अमित शाह के साथ बीजेपी भी रही। केजरीवाल ने कहा कि मैं झुग्गी बस्ती वालों के कारण ही राजनीति में आया हूं और इनके हक के लिए लड़ूंगा। दिल्ली के पूर्व सीएम ने भारतीय जनका पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं झुग्गी बस्ती वालों के लिए ढाल बनकर खड़ा रहूंगा, देखता हूं इनके घर कैसे तोड़े जाते हैं। केजरीवाल ने इसके साथ ही एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अगर मोदी सरकार सभी झुग्गीवालों को वापस बसा देगी, तब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। अमित शाह और उनकी सरकार ने पिछले 10 साल में जितनी झुग्गियां हटाईं, उन्हें दोबारा उसी तरह से बसाने का काम करें। अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करते वक्त बीजेपी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि अमित शाह ने झुग्गी बस्ती वालों को घर देने का वादा किया है। मेरा कहना है कि आपने दिल्ली में पिछले 10 साल में जितने भी झुग्गीवालों को हटाया या उनके घर उजाड़े, सबके खिलाफ केस वापस ले लें। निचली अदालत, हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में दर्ज मामलों को वापस ले लिया जाए। केजरीवाल ने शाह को चुनौती देते हुए कहा कि केस वापस लेने के बाद कोर्ट में सरकार एक हलफनामा देकर बताए कि हम सभी झुग्गीवालों को उनके घर वापस दिलाएंगे। उन्हें उसी तरह से बसाएंगे जैसे पहले वे सब रहते थे। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी कहती है कि जहां झुग्गी,वहां मकान, लेकिन ये नहीं बता रहे कि जहां झुग्गी,वहां इनके दोस्त और बिल्डर्स के मकान। पूरी दुनिया जानती है कि इनका एक ही दोस्त है, अपने दोस्त को देने के लिए इनकी झुग्गीवालों की जमीन पर बुरी नजर है। केजरीवाल ने इसके साथ कहा कि अगर बीजेपी या अमित शाह ने ऐसा कर दिया तब मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। अगर नहीं किया तो केजरीवाल चुनाव भी लड़ेगा और इन झुग्गीवालों के साथ खड़ा भी रहेगा। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं तो आम आदमी हूं, झुग्गीवालों के कारण ही मैं राजनीति में आया। मुझे राजनीति से मतलब नहीं है। उन्होंने बीजेपी से कहा कि अगर ये लोग आपको हटाने आएंगे तो मैं ढाल की तरह आपके साथ खड़ा रहूंगा।

बारिश और ठंडी हवाओं ने बढ़ाई जनपद समेत यूपी में ठंड

▶ रात्रि में हुई हल्की बारिश के बीच बढ़ा रात्रि का तापमान ▶ जिले में दर्ज हुई 3 एमएम की बारिश, तापमान में बढ़ोतरी

मुजफ्फरनगर, 12 जनवरी (बु.)। पहाड़ों में जारी बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के साथ सर्द हवाओं के चलते शनिवार रात्रि के तापमान में हुई बढ़ोतरी और दिन के तापमान में धूप के अभाव में गिरा तापमान दिन छिपने के साथ लोगों को घरों की ओर भेजने में कामयाब रहा। हालांकि रविवार को जनपद में दिनभर आसमान में छाए रहे बादलों ने लोगों को खूब डराया, लेकिन बारिश न होने के कारण लोगों के साथ पशुधन ने भी राहत की सांस ली। मौसम विभाग की ओर से जारी दो दिनों के अलर्ट के बीत जाने पर वेस्ट यूपी के फिर से धूप निकलने की आस बनी है। रविवार को अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस के साथ 3 एमएम की बारिश और 88 प्रतिशत गलन होने का दावा किया गया।

दिल्ली-एनसीआर के साथ पूरे उत्तर भारत में कोहरे का प्रकोप व शीतलहर का कहर अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि रविवार को इस बीच जारी अलर्ट से सहमे लोगों ने जनपद में बारिश की आशंका के बीच आसमान में छाए बदरा के बीच ठिठुरन का अहसास किया। हालांकि इन दिनों कोहरा और शीतलहर के कारण ठंड से लोगों का बुरा हाल है। शीतलहर व कोहरे के कारण प्रतिदिन तापमान गिरता जा रहा है। ठंड ने जनपद को इस दौरान आगोश में ले लिया। मौसम के तेजी से बदलते दौर के बीच देश में पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर और इससे सटे हिमाचल प्रदेश के हिस्सों पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों पर सक्रिय है। एक ट्रफ रेखा पश्चिम राजस्थान के प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर उत्तर-पूर्वी अरब सागर तक फैली हुई है। एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्व असम पर बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण श्रीलंका के पूर्वी तट व इससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर स्थित है। 14 जनवरी की रात से उत्तर पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ प्रभाव डाल सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर और मध्य राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप और दक्षिण केरल में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। वहीं पश्चिमी हिमालय में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। तमिलनाडु में हल्की बारिश हुई। हरियाणा के कुछ हिस्सों में ठंडे दिन की स्थिति रही।

मोबाइल चार्जिंग के दौरान बैटरी ब्लास्ट होने से दुकानदार घायल

बिजनौर, 12 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में चार्जिंग के दौरान मोबाइल बैटरी में विस्फोट हो गया, जिससे दुकान के मालिक मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा 10 जनवरी की शाम को अफजलगढ़ के सवाला गांव में हुआ। धमाके की भयावह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मोहसिन एक ग्राहक के मोबाइल की मरम्मत करने से पहले उसे चार्ज कर रहे थे। अचानक, मोबाइल बैटरी में तकनीकी गड़बड़ी हुई और जोरदार धमाके के साथ वह फट गई। विस्फोट के कारण बैटरी के टुकड़े और अन्य पार्ट्स सीधे मोहसिन के चेहरे और आंखों पर जा लगे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। धमाका इतना जबरदस्त था कि दुकान के अंदर मौजूद माहौल डरावना हो गया। घायल मोहसिन को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया। उनकी आंख और चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं, और इलाज चल रहा है।

बीजेपी विधायक को कॉल कर महिला ने बना लिया अश्लील वीडियो, अब की जा रही बड़ी मांग

मथुरा, 12 जनवरी (एजेंसी)। वीडियो कालिंग करके महिला का अश्लील वीडियो दिखाकर ठगों ने बलदेव के भाजपा विधायक पूरन प्रकाश का महिला को देखते हुए अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद ठगों ने दिल्ली क्राइम ब्रांच का एसपी बनकर विधायक को धमका दिया और उनसे रुपये मांग लिए। विधायक ने कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज करके छवि को धूमिल करने का आरोप लगाया है।

बलदेव के भाजपा विधायक पूरन प्रकाश ने बताया, वह छह बार से विधानसभा सदस्य हैं। उनका मोबाइल नंबर विधानसभा में भी अंकित हैं। सात जनवरी को वह लोक लेखा समिति की बैठक में भाग लेने के लिए वह लखनऊ में सरकारी आवास पर थे। रात साढ़े नौ बजे एक अंजान नंबर से वाट्सएप काल आई। विधायक ने फोन को रिसीव कर लिया। वीडियो कालिंग में सामने से एक महिला के अश्लील चित्र दिखाई दिए। उन्होंने फोन को काट दिया। आठ जनवरी को उनके पास फिर अंजान नंबर से फोन आया। उन्होंने रिसीव किया तो सामने से कोई दिल्ली क्राइम ब्रांच का खुद को एसपी बताते हुए कहा कि उनका महिला मित्र के साथ वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया। नौ जनवरी को फिर उनके पास अंजान नंबर से फोन आया है। विधायक ने बताया, वह राजनैतिक व्यक्ति हैं। किसी के द्वारा साजिश कर छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाल देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया, मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।



उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे शाहजहांपुर में सिपाही की मौत के बाद पुलिस का एक्शन

शाहजहांपुर, 12 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर के अमरोहा निवासी सिपाही शाहरुख अभियोजन कार्यालय में तैनात थे। शनिवार दोपहर को सरकारी काम से बाइक से राजकीय मेडिकल कॉलेज जा रहे थे पुलिस के अनुसार चौक थाना क्षेत्र के अजीजगंज में उनकी गर्दन चाइनीज मांझे से कट गई। वह तड़पते हुए सड़क पर गिर पड़े खून से लथपथ शाहरुख को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उनकी मौत हो चुकी थी।

वही इस घटना में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब उनकी नजर सिपाही शाहरुख की बाइक की ओर गई तो उन्होंने हाथ से मांझे को हटाने का प्रयास कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि जैसे मांझे को दोनों और किसी ने पकड़ रखा था। पतंग कटने के बाद किसी ने मांझे को लूटने का प्रयास किया 10 -15 सेकंड में गले में मांझे का कसाव बढ़ने से उनकी बाइक दुर्गा इंडस्ट्रीज सामने गिर गई। जब वो लोग घटनास्थल के पास पहुंचे तो शाहरुख जमीन पर पड़े छटपटा रहे थे। बाइक भी खून से सन चुकी थी। गले से खून की फब्बारे की तरह निकल रहा था, देखते देखते ही देखते शाहरुख का शरीर बेजान हो चुका था। वहीं मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सिपाही शाहरुख के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद परिजनों को जानकारी दी गयी। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे शाहरुख के पिता का रो-रो कर बुरा हाल था। सिपाही शाहरुख की मौत के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। कोतवाली क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीझ मांझे की बिक्री काफी समय से हो रही थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कोई भी अभियान चलाने की जरूरत नहीं समझी। अगर कोतवाली पुलिस ने चीनी मांझे को लेकर अभियान चलाया होता तो शायद शाहरुख की जान नहीं जाती। वही बातचीत में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं डीआईजी राजेश-एस ने बताया बहुत ही दुखद हादसा है। दुर्घटना क्षेत्र के आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी निकलवा कर आगे की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी चाइनीझ मांझा पूरी तरीके से प्रतिबंधित है। चाइनीझ मांझे की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर मुकदमा लिखकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर चाइनीज मांझे की बिक्री की कोई भी सूचना मिलती है तो वह सीयूजी नंबर पर कॉल कर कर बता सकते हैं।

चित्रकूट में भगवान राम की 151 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी

चित्रकूट, 12 जनवरी (एजेंसी)। भगवान राम की तपोभूमि में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश सरकार रामायण पार्क बनाएगी। 80 एकड़ में बनने वाले पार्क पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पार्क में भगवान राम की 151 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई जाएगी। साथ ही थ्रीडी, फाइव डी एनिमेशन, लाइट एंड साउंड शो से राम के जीवन से रूबरू कराया जाएगा। पार्क में आध्यात्मिक लाइब्रेरी, हर्बल गार्डन, गोशाला और ध्यान केंद्र का भी निर्माण किया जाएगा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चित्रकूट में रामायण पार्क बनाने की घोषणा किया था। इसके बाद योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब फिर से मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चित्रकूट में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर काम शुरू कराया है। रामायण एक्सपीरियंस पार्क का डिजाइन भी सरकार ने तैयार कर लिया है। चित्रकूट के रजौला बाईपास के पास प्रस्तावित पार्क बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। 80 एकड़ में बनने वाले पार्क का मुख्य उद्देश्य रामायण काल को आधुनिक तरीके से दोबारा जीवंत करना है।

दिल्ली पुलिस के नए विशेष आयुक्त बने विजय कुमार, जम्मू-कश्मीर से लिया कार्यभार

नई दिल्ली, 12 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच, 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी विजय कुमार को दिल्ली पुलिस के नए विशेष आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले, वह जम्मू-कश्मीर में एडीजी कानून-व्यवस्था का कार्यभार संभाल रहे थे। विजय कुमार, जो कि एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, को दिसंबर 2019 में कश्मीर क्षेत्र का पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया था। जम्मू-कश्मीर में अपनी पोस्टिंग के दौरान, उन्होंने केंद्र सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ उनकी अगुवाई में कई सफल अभियानों का संचालन किया गया। इससे पहले, विजय कुमार ने नक्सल प्रभावित दक्षिण बस्तर में शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव-2019 आयोजित कराने में भी योगदान दिया था। जब कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 हटाया गया, तब कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ से जम्मू-कश्मीर बुलाया गया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर आतंकवादी समूहों की भर्ती को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और व्यापक पुलिस अभियानों की शुरूआत की। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस की कार्यशैली की आलोचना भी की गई। कई कार्यकताओं और राजनीतिक नेताओं पर यूएपीए एवं सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामले दर्ज करने की शिकायतें आईं। अप्रैल 2020 में, आतंकवादियों के परिवारों को उनके अंतिम संस्कार करने की अनुमति न देने की नई प्रथा की शुरूआत विजय कुमार ने की। उन्होंने 2023 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का सफलतापूर्वक संचालन करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उनकी अगुवाई में जी-20 सम्मेलन भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके अलावा, अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। विजय कुमार बिहार के सहरसा जिले के निवासी हैं और उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से मास्टर की डिग्री प्राप्त की है। वह जम्मू-कश्मीर कैडर के एकमात्र आईपीएस